बरेली पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

थाना बारादरी पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही कर लापता युवक को सकुशल बरामद कर परिवार से मिलाया।

दिनांक 26.03.2025 को थाना बारादरी, बरेली पर श्री सुभाष अग्रवाल पुत्र श्री कृष्ण मुरारी अग्रवाल, निवासी माधवबाड़ी 142, थाना बारादरी, जनपद बरेली द्वारा उनके पुत्र श्री गौरव अग्रवाल उम्र 32 वर्ष के दिनांक 25.03.2025 से लापता होने की लिखित सूचना दी गई। प्राप्त सूचना पर गुमशुदगी दर्ज करते हुये पुलिस टीम गठित कर गुमशुदा की तलाश की जा रही थी।

गुमशुदा गौरव अग्रवाल घर पर टेलीफोन रख कर गए थे इस कारण सीसीटीवी फुटेज का सहयोग लिया गया, जिसमें यह पाया गया कि उक्त व्यक्ति रोडवेज बस पर सवार होकर जा रहे हैं। तदोपरांत रोडवेज बस के बारे में जानकारी की गई तो यह जानकारी हुई कि यह मुरादाबाद में उतरे हैं। मुरादाबाद में भी सीसीटीवी फुटेज आदि का अवलोकन किया गया और काफी प्रयास के बाद इन्हें एक होटल से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पूछताछ के दौरान गौरव अग्रवाल ने बताया कि वे मानसिक रूप से थक चुके थे और आराम करना चाहते थे। इस कारण ₹20,000 लेकर घर से निकले और मुरादाबाद के एक होटल में रुके। वे पिछले 5 दिनों से होटल में ठहरे हुए थे।

बरामद युवक का नाम व पता-

गौरव अग्रवाल पुत्र श्री सुभाष अग्रवाल उम्र 32 वर्ष
निवासी माधवबाड़ी 142, थाना बारादरी, जनपद बरेली।

पुलिस टीम-

1. उ0नि0 मोहित भारद्वाज थाना बारादरी, जिला बरेली ।
2. हे0कां0 आशीष मिश्री थाना बारादरी, जिला बरेली ।